sns academy
a fingerprint school
Sincerity, Nobility and Service

विषय - हिंदी

कक्षा - 9

Worksheet - Revision (27.01.23)

निर्देश -

निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. प्रश्नपत्र के दो खंड है।

खंड क :- 14 अंक

खंड ख :- 26 अंक

ख. दोनों खंड अनिवार्य है|

ग. उत्तर साफ-साफ लिखे|

घ. प्रश्न संख्या ध्यान से लिखें|

ड. समय का ध्यान रखते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखें|

च. काम पूरा करने के बाद एक बार पुनः जाँच ले|

छ. ध्यान से कार्य की फोटो अपलोड करे|

खंड - क (वर्णनात्मक प्रश्न)

(पाठ्य पुस्तक)

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन पंक्तियों में लिखिए | (2)

(क) अतिथि कब अपनी मेहमाननवाजी को भुला सकता है ?

(ख) धर्म और ईमान के नाम पर किए जाने वाले भीषण व्यापार को कैसे रोका जा सकता है?

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए | (50-60 शब्दों में)

''बातचीत की उछलती गेंद चर्चा के क्षेत्र के सभी कोनों से टप्पे खाकर फिर सेंटर में आकर चुपचाप पड़ी हैं'' - तुम कब जाओगे अतिथि पाठ के आधार पर कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

अथवा

निम्नलिखित कविता की पंक्तियों की व्याख्या कीजिए-

''पीपल के पत्ते-से नए-नए हाथ
जूही की डाल-से खुशबूदार हाथ''

प्रश्न 3. "यह धर्मयात्रा है। चलकर पूरी करूंगा"-गांधीजी के इस कथन द्वारा उनके किस चारित्रिक गुण का परिचय प्राप्त होता है? पाठ दिए जल उठे के आधार पर प्रश्न का उत्तर लिखे | (3)

प्रश्न 4 . 'प्रभात की प्रथम किरण के स्पर्श के साथ ही वह किसी और जीवन में जागने के लिए सो गया' - का आशय स्पष्ट कीजिए।

खंड - ख (लेखन)

प्रश्न 5. दिए गए संकेत -बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग ८० से १०० शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए|

* नई शिक्षा नीति.....

शिक्षा का स्वरूप---पाठ्यक्रम की भूमिका -----पाठ्यक्रम कम करने के फायदे

अथवा

* हमारे बुजुर्ग : हमारी धरोहर

बुजुर्गों से आशय ---बुजुर्गों की वर्तमान स्थिति ----पीढ़ी -अंतराल -----बुजुर्गों के प्रति दायित्व

प्रश्न 6. . अपने विदेशी मित्र को भारतीय रीति -रिवाजों के बारे में पत्र लिखिए | (5)

अथवा

अपने मित्र को "स्वछता अभियान "का हिस्सा बनने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए |

प्रश्न 7. अपनी परीक्षा की तैयारी के सन्दर्भ में अपने एक सहपाठी से होने वाले संवाद को लगभग ५० शब्दों में लिखिए |

अथवा

पढ़ने के लिए विद्यालय जाते समय अपने मित्र के साथ होने वाले संवाद को लगभग ५० शब्दों में लिखिए |

प्रश्न 8. अपनी एक छोटी बहन को उसके जन्मदिन की बधाई के लिए 40 शब्दों में एक संदेश लिखिये |

प्रश्न 9. शिक्षा पर सचित्र नारा लिखे |

अथवा

वृक्षारोपण की महत्ता पर एक नारा लेखन करे |